मेरा भाई लगे श्याम | By Toshi Kau

एक भाई के जैसा ही तुझे पाया है सांवरे....2
यह प्रेम नहीं टूटे कभी प्रीत नहीं टूटे
बंद करती हूं आंखों को, भाई बनकर तू मुस्काए...2
यह रिश्ता नहीं छूटे, कभी रिश्ता नहीं छूटे
एक भाई के जैसा ही .....

तू संग है मेरे सांवरे ना कोई कमी है
तेरी कृपा की रहे अंखियों में नमी है.....2
एक तेरे भरोसे पर दुख भूली में जीवन का....2
तू मुझसे नहीं रुठे कभी रिश्ता नहीं छूटे
एक भाई के जैसा ही .....

तेरी कलाई पर प्रभु मैंने बांधी डोर है
कहने को है भाई बड़े तुझसा ना और है....2
मेरी रक्षा तेरे हाथों, लाज मेरी तू ही रखता
यह नाते ना हो झूठे, कभी रिश्ता नहीं टूटे
एक भाई के जैसा ही .....

भाई- बहना के प्रेम का कोई ना होता मोल है
होती मिसाल ना कोई ना होती तोल है.....2
कहे चोखानी ओ कान्हा इस पावन बंधन की....2
कहे तोषी मेरे भैया इस पावन बंधन की
प्रेम गगरी ना फूटे, कभी रिश्ता नहीं टूटे
एक भाई के जैसा ही .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-toshi-kau/